web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विज़िट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, सोमवार 7 जनवरी 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-99

## महत्वपूर्ण एवं खास

### फिलीपींस में आये तूफान, भूस्खलन में मृतक संख्या 126 पहुंची

मनीला (आरएनएस)। फिलीपींस में शक्तिशाली तूफान के बाद भारी बारिश और भूस्खलन की वजह से मरने वालों की संख्या बढ़कर 126 हो गई है। एक सरकारी आपदा एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी।

### बम निष्क्रिय करते समय पुलिस अधिकारी की मौत

काहिरा (आरएनएस)। मिस्र की राजधानी काहिरा में एक चर्च में बम को निष्क्रिय करने का प्रयास कर रहे पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि एक अन्य घायल हो गया।

### सीरिया में कुछ अमेरिकी सैनिक रहेंगे मौजूदः रिपोर्ट

मॉस्को (आरएनएस)। सीरिया से अमेरिकी सेना की आधिकारिक तौर पर वापसी के बाद कुछ सैनिक दक्षिणी अत तंफ सैन्य शिविर में रुक सकते हैं। अमेरिकी प्रशासन के एक अधिकारी ने मीडिया को यह जानकारी दी।

### मिशेल की कस्टडी 26 फरवरी तक बढ़ाई

**अगस्ता वेस्टलैंड मामला**

नई दिल्ली (आरएनएस)। अगस्ता वेस्टलैंड केस में बिचौलिए की भूमिका निभाने वाले क्रिश्चियन मिशेल की न्यायिक हिरासत 26 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि इटली की कोर्ट को दिए गए सभी दस्तावेज फर्जी हैं। इस मामले में जांच काफी सफल रही है। ईडी ने बताया उन्होंने इए मामले में कई बैंक अकाउंट के जरिए हवाला की भी जांच की है।

### द ऐक्सिडेंटल ट्रेलर के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका

नईदिल्ली (आरएनएस)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह पर बनी फिल्म द ऐक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर पर शुरू हुआ विवाद खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। ट्रेलर रिलीज़ होने के बाद से ही जहां राजनीतिक गलियारों में बवाल शुरू हो गया वहीं कई वर्गों ने इसका विरोध करना भी शुरू कर दिया। वहीं कुछ दिन पहले बिहार की एक कोर्ट में फिल्म के कलाकारों के खिलाफ शिकायत तक दर्ज कराई गई।

### केरल में न तो साधारण नागरिक सुरक्षित है और न ही देश का सांसद- स्मृति ईरानी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा, 'अभी केरल में सामाजिक और राजनीतिक स्थिति ऐसी है कि करीब 1286 मामले दर्ज किए गए हैं, 37000 लोगों को राज्य सरकार द्वारा आरोपी बनाया गया है और 3170 से ज्यादा लोग हिरासत में लिए गए हैं, सिर्फ इसलिए क्योंकि उन्होंने राज्य सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की थी.'

### मेडिकल की छात्रा ने 12वीं मंजिल से कूद की खुदकुशी, छोड़ा सुसाइट-मम्मी-पापा मुझे माफ कर देना, अब और ये नहीं सह सकती

ठाणे (महाराष्ट्र). यहां मेडिकल की एक छात्रा ने 12वीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। लड़की की गर्दन और कलाई पर



चाकू के निशान मिले हैं। जिससे पहले पुलिस को हत्या का शक हुआ। लेकिन बाद में कमरे से बरामद हुए सुसाइड नोट से सामने आया कि मृतका मेडिकल की पढ़ाई का प्रेशर नहीं झेल सकी, इसलिए उसने मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इसलिए उसने आत्महत्या कर ली।

- शर्मिष्ठा MBBS से ग्रेजुएशन के बाद स्ब्ठ (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन) के एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रही थी। फिलहाल, पुलिस दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर इसके असल कारणों का पता लगाने में जुटी है।

# चौकीदार के पीछे लगी है चोरों की जमातःमोदी

## राफेल पर पीएम का कांग्रेस पर पलटवार

बारीपदा, ओडिशा (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा में बारीपदा की रैली में कांग्रेस के साथ-साथ राज्य की नवीन पटनायक सरकार पर तीखे हमले बोले। पीएम ने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान पीएमओ की फाइलों तक बिचौलियों की पहुंच थी। वीवीआईपी हेलिकॉप्टर घोटाले के बिचौलिये क्रिस्चन मिशेल के बहाने कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि समझ नहीं आता कि कांग्रेस ने सरकार चलाई है या अपने मिशेल मामा का दरबार चलाया है। पीएम ने कहा कि हमारी सरकार देश की सेनाओं को साजिश के जाल से बाहर निकाल रही है, इसीलिए वह उनको (कांग्रेस) कांटे की तरह चुभ रहा है। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि चोरों की जमात चौकीदार को रास्ते से हटाना चाहती है। वह मयूरभंज जिले के बारीपदा में करोड़ों के इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट्स की शुरुआत के बाद रैली में बोल रहे थे।



**यूपीए के दौरान सेना को कमजोर करने की रची गई साजिश**

कांग्रेस पर अपनी सरकार के दौरान सेना को कमजोर करने की साजिश का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 2004 से लेकर 2014 के बीच कैसे देश की सेना को कमजोर करने की साजिश रची गई। अब यह देश देख भी रहा है और उसकी हर बारीकी को समझ भी रहा है। अब जब हमारी सरकार उनकी साजिश के जाल से देश की सेनाओं को बाहर निकाल रही है, तो हम उन्हें कांटे की तरह चुभने लगे हैं, खटकने लगे हैं। वे किसी भी कीमत पर चौकीदार को रास्ते से हटा देना चाहते हैं। चोरों की जमात कहीं पर भी सबसे पहले चौकीदार को हटाने का ही षडयंत्र करते हैं क्योंकि जबतक चौकीदार है, उनकी दाल गलती नहीं है।

**पीएम से ज्यादा बिचौलिये मिशेल को थी जानकारी**

क्रिस्चन मिशेल को कांग्रेस का राजदार बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उनको (कांग्रेस) यह सच्चाई इसलिए भी खटक रही है क्योंकि इनके राज खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, कल ही रिपोर्ट आई थी हेलिकॉप्टर घोटाले के बिचौलिये और कांग्रेस के घोटालों के राजदार मिशेल की चिट्ठी से खुलासा हुआ है। उसके कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से गहरी पहचान थी, साथ उठना-बैठना था। पीएमओ में कौन सी फाइल कहां जा रही है, उसको इसकी पल-पल की जानकारी थी। संभवतः जितनी जानकारी खुद प्रधानमंत्री को नहीं थी, उससे ज्यादा जानकारी उस जमाने में बिचौलियो को रहती थी।

**कांग्रेस ने सरकार चलाई है या मिशेल मामा का दरबार**

मोदी ने आगे कहा, कैबिनेट कमिटी ऑन सिक्यॉरिटी की बैठकों की भी पूरी जानकारी उस तक पहुंचती थी। इस जानकारी को वह विदेशों तक पहुंचाता था। कब कौन क्या फैसला ले रहा था, इसकी जानकारी वह विदेश भेज रहा था। समझ नहीं आता कि कांग्रेस ने सरकार चलाई है या अपने मिशेल मामा का दरबार चलाया है।

**कानून किसी को नहीं छोड़ेगा**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बिचौलियों के हितों की रक्षा में जिस-जिसकी भूमिका रही है, उसका हिसाब एजेंसियां करेंगी, देश की जनता करेगी।

# मार्च के प्रथम सप्ताह में हो सकती है लोकसभा चुनाव की घोषणा

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में सत्तारूढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा उपाध्यक्ष आई के जाडेजा ने दावा किया कि लोकसभा के चुनावों की घोषणा मार्च के पहले सप्ताह में होने की पूरी संभावना है।



जाडेजा ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में आयोजित पार्टी की एक बैठक के पहले पत्रकारों से कहा कि मार्च के पहले सप्ताह में लोकसभा चुनाव के तिथियों की घोषणा की पूरी संभावना है। इसी के हिसाब से कार्यकर्ता, नेता, संगठन और सरकार चुनावी तैयारी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी इसी लिहाज से चुनावी कार्यक्रमों का रोडमैप तैयार कर रही है। इस बीच मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने भी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए शनिवार को गुजरात के अहमदाबाद स्थित अपने मुख्यालय पर प्रदेश प्रभारी राजीव सातव, नेता प्रतिपक्ष परेश धानाणी तथा राज्य की सभी 26 लोकसभा सीटों के चुनाव पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में बैठकें कर रही है। सातव ने कहा कि तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव की तर्ज पर ही लोकसभा चुनाव का परिणाम भी कांग्रेस की पक्ष में होगा। उन्होंने कहा कि गुजरात में कांग्रेस सभी सीटों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। ज्ञातव्य है कि पिछले चुनाव में इन सभी सीटों पर बीजेपी की जीत हुई थी।

# कश्मीर घाटी में भारी बर्फबारी

## हवाई और जमीनी संपर्क टूटा

श्रीनगर (आरएनएस)। कश्मीर घाटी में शनिवार को बड़े पैमाने पर बर्फबारी हुई। इसके चलते क्षेत्र और बाहरी दुनिया के बीच शहर का हवाई और जमीनी संपर्क टूट गया है। भारी बर्फबारी के चलते शनिवार को श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सभी उड़ानों का संचालन बाधित रहा। हवाईअड्डे के एक अधिकारी ने कहा कि कम दृश्यता और रनवे पर भारी मात्रा में बर्फ एकत्रित होने के चलते शनिवार को शेख उल-आलम अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर विमानों का आवागमन नहीं होगा।



उन्होंने कहा, 'शुक्रवार को जो पांच विमान हवाईअड्डे पर उतरे थे, खराब मौसम के चलते उन्हें उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी गई।' कश्मीर घाटी में श्रीनगर और अन्य जगहों पर रातभर बर्फबारी के बाद शनिवार सुबह और बर्फबारी हुई। श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग और मुगल रोड जो कश्मीर घाटी को जम्मू क्षेत्र से जोड़ता है, बर्फबारी के चलते बंद रहे।

**रविवार तक और होगी बर्फबारी**

मौसम विभाग ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में पिछले 24 घंटों के दौरान मैदानी इलाकों में कम और ऊंचे पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि अगले 24 घंटों में रविवार सुबह तक और ज्यादा बर्फबारी होने के आसार हैं, जिसके बाद मौसम में सुधार होगा। कम दृश्यता के कारण और रनवे से बर्फ हटाने में आ रही दिक्कतों के चलते श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर शनिवार सुबह से न कोई विमान उतरा और न किसी विमान ने उड़ान भरी।

# स्कूल में ही कर ली छात्र-छात्रा ने खुदकुशी

**प्यार में हुए नाकाम**

नोएडा (आरएनएस)। नोएडा के बीरमपुर गांव में एक स्कूल में शनिवार सुबह 12वीं के एक छात्र और 11वीं की एक छात्रा का फंदे से टंगा शव बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि दोनों ने प्यार में असफल होने पर खुदकुशी कर ली।

एसपी (ग्रामीण) विनीत जयसवाल ने बताया कि लड़का और लड़की अलग-अलग स्कूलों में पढ़ते थे और शनिवार को उन्होंने एक स्कूल में पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। एसपी ने बताया कि शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला है कि दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे। प्रेम में असफल रहने पर दोनों ने एक साथ खुदकुशी कर ली।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एसपी के अनुसार अगर इस मामले में मृतकों के परिजन कोई मुकदमा दर्ज कराते हैं तो घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

# चार साल में नशे की हालत में पकड़े गए 171 पायलट

नई दिल्ली (आरएनएस)। पिछले 4 वर्षों में, भारत समेत पूरे विश्व में एयरपोर्ट्स पर उड़ान भरने से पहले 171 पायलट को नशे में पकड़ा गया। यह जानकारी नागर विमानन मंत्रालय के नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने दी है। डीजीसीए के ये आंकड़े चौकाने वाले हैं. नशे में पकड़े गए पायलट में से 57 पायलट दिल्ली में पकड़े गए, वहीं 43 पायलट मुंबई हवाई अड्डे पर पकड़े गए। इसके अलावा 2 पायलट दुबई हावाई अड्डे पर शराब के नशे में मिले। इनमें एक 2016 में और एक 2017 में नशे में पाया गया। वहीं 2015 में शारजाह हवाई अड्डे पर एक पायलट ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट में विफल रहा। गौरतलब है कि 40 से ज्यादा पायलट हर साल ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट में फेल हो रहे हैं। उड़ान भरने से पहले क्रू-मेंबर्स पर प्री-फ्लाइट ब्रीथ-एनालाइजर टेस्ट किया जाता है। यह खून में अल्कोहल की एकाग्रता को निर्धारित करने के लिए एक उपाय है. विमान नियमों के रूल 24 में कहा गया है कि उड़ान शुरू होने से 12 घंटे पहले चालक दल के सदस्यों को शराब का सेवन करने की अनुमति नहीं है।

**नशे में पाए गए पायलट्स का विवरण**


नशे में पकड़े गए पायलट्स के खिलाफ कार्रवाई के संबंध में इंडिया टुडे द्वारा फाइल की गई आरटीआई के जवाब में, डीजीसीए ने कहा कि इन पायलट्स द्वारा रखे गए लाइसेंस के विशेषाधिकारों को कार सेक्शन-5, सीरीज-एफ पार्ट-3 के प्रोविजन्स के अनुसार निलंबित कर दिया गया।

## थाईलैंड में बस दुर्घटना, छह लोगों की मौत, 50 घायल

मॉस्को (आरएनएस)। मध्य थाईलैंड के ख्लोंग लुआंग जिले में एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से छह लोगों की मौत हो गयी जबकि 50 अन्य घायल हो गये। बैंकाक पोस्ट ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि फनोम फ्राय से बैंकाक की ओर जा रही डबल-डेकर बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गयी।

# अंडमान की तरफ मुड़ा थाईलैंड का चक्रवाती तूफान पाबुक

नई दिल्ली (आरएनएस)। थाईलैंड के चक्रवाती तूफान पाबुक ने अपना रुख भारत की तरफ कर लिया है। भारत के मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए कहा अंडमान द्वीप में इसके शाम तक पहुंचने की जानकारी दी है। मौसम विभाग ने अंडमान के समुद्र में मछुआरों का जाने पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। यह स्थिति 7 जनवरी तक बने रहने की संभावना है।



मौसम विभाग ने कहा कि अंडमान द्वीप में समुद्र की स्थिति काफी भयानक हो सकती है। 5 जनवरी की शाम से 7 जनवरी की सुबह तक यह स्थिति बनी रह सकती है। इसके अलावा निकोबार द्वीप पर 6 जनवरी को समुद्र काफी उफान पर होगा।

# कभी न शेयर करें सिम का 20 अंकों वाला यूनीक नंबर

नई दिल्ली (आरएनएस)। साइबर अपराधी लोगों को ठगने के लिए अब सिम स्वैप को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके तहत ये ठग आपके मोबाइल सिम का डुप्लीकेट सिम हासिल करके सीधे बैंक खाते में सेंधमारी करते हैं और आपको इसकी भनक तक नहीं लगने पाती। डुप्लीकेट सिम ठगों के हाथ लगते ही आपका सिम काम करना बंद कर देता है। इनके पास आपके बैंक डिटेल्स पहले से होते हैं और इन्हें केवल आपके फोन पर आने वाले ओटीपी की जरूरत होती है।



सिम स्वैप करते ही इन्हें ओटीपी भी मिल जाता है। हालांकि थोड़ी सी होशियारी बरतें तो आप ऐसी धोखाधड़ी से बच सकते हैं।

**ऐसे करते हैं यूनीक नंबर हासिल करने की कोशिश**

प्रत्येक सिम कार्ड के पीछे 20 अंक का सिम नंबर होता है। ठग आपसे यही 20 अंक का यूनीक नंबर जानने की कोशिश करते हैं।

20 अंक वाले सिम के यूनीक नंबर के आधार पर ही साइबर अपराधी आपके सिम का डुप्लीकेट सिम हासिल करते हैं। ऐसे में कभी 20 अंक का यूनीक सिम नंबर किसी को न बताएं।

# खाई में गिरी बस, 6 छात्रों समेत 7 लोगों की मौत, 11 घायल

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में शनिवार को एक स्कूल बस खाई में गिर गई। इस घटना में 6 छात्रों समेत 7 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 11 छात्र घायल भी हुए हैं। बस हादसे की जानकारी अधिकारियों ने दी। बता दें कि जिला मुख्यालय नाहन से लगभग 40 किलोमीटर और राज्य की राजधानी से 150 किलोमीटर दूर प्रसिद्ध हिंदू मंदिर रेणुकाजी के पास दुर्घटना उस वक्त हुई जब बस में सवार होकर बच्चे डीएवी पब्लिक स्कूल की ओर जा रहे थे।



घटना के बारे में उपायुक्त ललित जैन ने बताया कि हादसे में बस चालक की भी मौत हो गई, जबकि 11 छात्र घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि प्रशासन ने बस से पीड़ितों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

# खाने में बीफ की मांग, लड़की वालों ने तोड़ी शादी

बरेली (आरएनएस)। मुरादाबाद में एक लड़की की शादी उसके परिवार ने इसलिए तोड़ दी क्योंकि लड़केवालों ने शादी के खाने में बीफ सर्व करने की मांग की थी। संभल जिले के सिसौटा गांव की लड़की के पिता असगर अली ने मुरादाबाद के एसएसपी जे रविंद्र गौड़ के पास शिकायत दर्ज कराई। एसएसपी ने मैनाथर पुलिस स्टेशन हाउस ऑफिसर को मामले की जांच के आदेश दिए।



अपनी शिकायत में पीड़ित परिवार ने कहा है कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी नसीन अली के बेटे नजीम के साथ पिछले साल जून में दोस्तों और रिश्तेदारों के सामने तय की थी। उन्होंने बताया कि शादी 28 जनवरी को होनी थी। दिसंबर 28 को लड़केवालों ने तीन मांगें सामने रख दीं। उन्होंने एक एसयूवी गाड़ी, 5 लाख कैश और खाने में बीफ की मांग की। असगर ने उनसे कहा कि बीफ सर्व करने से वह मुश्किल में पड़ सकते हैं और दहेज की मांग को भी उन्होंने मानने से इनकार कर दिया।

हालांकि, दूल्हे के परिवार ने इन आरोपों को मानने से इनकार कर दिया है।

# एसपी और बीएसपी मिलकर लड़ेंगे लोकसभा चुनाव!

लखनऊ (आरएनएस)। आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर समाजवादी पार्टी (एसपी) और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के मिलकर चुनाव लड़ने पर सहमति बनती दिख रही है। कहा जा रहा है कि अब दोनों दलों का शीर्ष नेतृत्व अगले हफ्ते सीटों के बंटवारे पर अंतिम दौर का विचार मंथन करेगा। एसपी सूत्रों के अनुसार,

**इस महीने के अंत तक ऐलान**



पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव 10 जनवरी के बाद बीएसपी चीफ मायावती के साथ अगले चरण की बैठक कर उन सीटों को चिह्नित करेंगे जिनपर दोनों दल अपने-अपने उम्मीदवार उतारेंगे। एसपी के राजेंद्र चौधरी ने कहा, लोकसभा चुनाव से पहले एसपी और बीएसपी गठबंधन पर राजी हो गई हैं। गठबंधन पर औपचारिक ऐलान इसी महीने के अंत तक कर दिया जाएगा। कई मीटिंगों के बाद एसपी चीफ अखिलेश यादव और बीएसपी चीफ मायावती ने गठबंधन को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को इन दोनों नेताओं की मीटिंग हुई थी। वहीं, इस मीटिंग के बारे में जब एसपी के वरिष्ठ नेता और अखिलेश यादव के चाचा राम गोपाल से पूछा गया तो उनका कहना था, मुझे नहीं पता कि बातचीत हुई है। अगर ऐसी कोई घोषणा करनी भी होगी तो वह बहन मायावती और अखिलेश यादव करेंगे।